**सं. डीएसआईआर/एमएस/2023/07**

**भारत सरकार**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**

**मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश**

**(जुलाई माह, 2023 हेतु)**

**(भाग-I अवर्गीकृत)**

**जुलाई माह, 2023 के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित/हस्तांतरित नई प्रौद्योगिकियाँ/प्रक्रियाएँ**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - नैनो सिलिका को तैयार करने हेतु प्रौद्योगिकी दिनांक 25.07.2023 को एस.पी. कोनाक्रे प्राइवेट लिमिटेड, सांगली, महाराष्ट्र को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - 3-मिथाइलबेन्ज़ो[डी]थियाज़ोल-3-आयम यौगिकों को प्रतिस्थापित करना और उनका उपयोग करना
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - निम्नलिखित प्रक्रियाएं विकसित की गईं और इन्हें निम्नांकित को हस्तांरित किया गया:
    - मल्टीकोट कोटिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता हेतु मोल्टेन साल्ट तकनीक के माध्यम से हेक्सागोनल बोरॉन नाइट्राइड तैयार करना
    - आरएसवीपी क्लोरो टेक, चेन्नै और एजीआईएल पावर कंट्रोल सिस्टम, चेन्नै के लिए लवणीय और समुद्री जल से हाइपोक्लोराइट के उत्पादन हेतु इलेक्ट्रोकेमिकल सेल के एनोड के लिए मिक्स्ड मेटल ऑक्साइड कोटिंग प्रौद्योगिकी।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - आशोधित झिल्ली पर आधारित नवीन किट, नैदानिक नमूनों से एंटीबायोटिक प्रतिरोधी प्रोफ़ाइल के साथ बैक्टीरिया समुदाय का पता लगाने के लिए इसका उपयोग
  - फ्लूओरिनेटेड पॉलिमर से ऑक्सी-टीथर्ड केशन एक्सचेंज मेम्ब्रेन और इसे तैयार करने की विधि
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - बिना तेल वाले यीस्ट केक से बीटा-ग्लूकेन का उत्पादन;
  - खमीर वर्णक मिश्रण से ल्यूटिन और बीटा-कैरोटीन का शुद्धिकरण;

- विस्तृत किण्वन बलगतिकी के साथ मकई स्टार्च (शर्करीकरण के बाद) और ज्वार के रस के साथ इथेनॉल किण्वन, और इथेनॉल-मुक्त किण्वन भूक्तशेष शोरबा का विस्तृत अभिलक्षणन;

- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - उपकरण के निर्माण के लिए एडीसी को तकनीकी जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन-एंटनी डेविड त्रिशूर

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/समझौते ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - शैक्षणिक सहयोग और प्रोत्साहन और अनुसंधान सहयोग एवं छात्रों के अनुसंधान कार्यक्रमों के आदान-प्रदान हेतु दिनांक 13 जुलाई, 2023 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशलन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्टिंग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - इनके साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
    - दिनांक 1 जुलाई, 2023 को निर्माण प्रौद्योगिकियों/आवास योजना और विभिन्न निर्माण सामग्रियों के प्रचार आदि के लिए क्षमता निर्माण पहल का पता लगाने हेतु नेशनल इंस्टिट्यूट ऑव रुरल डवलपमेंट पंचायती राज (एनआईआरडीपीआर) राजेंद्रनगर, तेलंगाना।
    - दिनांक 11 जुलाई, 2023 को भवन विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में उच्च योग्य जनशक्ति का व्यापक भंडार सृजित करने और अपनी विशेषज्ञता और संसाधनों को एकत्रित करके अपने प्रयासों को एकजुट करने हेतु कामराज कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (केसीईटी)।
    - दिनांक 18 जुलाई, 2023 को सिविल इंजीनियरिंग, भवन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना और इंजीनियरिंग के अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट गुणवत्तापरक जनशक्ति को बढ़ावा देने के लिए पिंपरी चिंचवड़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (पीसीसीओईआर), पुणे।
    - दिनांक 21 जुलाई, 2023 को देश के भीतर सिविल इंजीनियरिंग, भवन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग भूविज्ञान, वास्तुकला एवं योजना और इंजीनियरिंग के अन्य क्षेत्रों में उच्च योग्य जनशक्ति की उपलब्धता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी हैदराबाद (आईआईआईटी-एच)।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - कम्बाइंड रेडिएशन इंजरी के लिए सामयिक दवा के सूत्रण के विकास के लिए दिनांक 05-07-2023 को आईएनएमएएस, डीआरडीओ, नई दिल्ली के साथ सहयोग ज्ञापन निष्पादित किया गया।

- "नॉन-ऐल्कहॉलिक फैटी लीवर डि जीज (एनएएफएलडी) के प्रबंधन में 24 सप्ताह के लिए पिक्रोरिजा कुरोआ रॉयल एक्स बेंथ (पिक्रोलिव®) के मानकीकृत अंश की प्रभावकारिता और सुरक्षा पर चरण-III, मल्टीसेंटर, रेंडोमाइज्ड, डबल-ब्लाइंड, प्लेसबो-कंट्रोल्ड, इंटरनेशनल स्टडी के संबंध में" दिनांक 13-07-2023 को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के साथ चिकित्सीय परीक्षण समझौता निष्पादित किया गया।
- बीआरसीए उत्परिवर्तित कैंसर के लिए पीएआरपी-1 चयनात्मक अवरोधकों की पहचान और विकसित करने के लिए दिनांक 26-07-2023 को आर्डेंट क्लिनिकल रिसर्च सर्विसेज, पुणे के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान करार निष्पादित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - निम्नांकित के साथ सहयोग किया
    - मोल्टेन साल्ट तकनीक के माध्यम से हेक्सागोनल बोरान नाइट्राइड के विरचन के लिए मल्टीकोट कोटिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता।
    - लवणीय और समुद्री जल से हाइपोक्लोराइट के उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोकेमिकल सेल के एनोड हेतु मिक्स्ड मेटल ऑक्साइड्स कोटिंग टेक्नोलॉजी के लिए एजीआईएल पावर कंट्रोल सिस्टम, चेन्नै और आरएसवीपी क्लोरो टेक, चेन्नै।

- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - पौष्टिक और जलवायु अनुकूल फसलों जैसे बाजरा, दालें आदि पर पोषण, कृषि-खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास में सहयोग एवं सहकार्यता विकसित करने के लिए दिनांक 6 जुलाई, 2023 को इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आईसीआरआईएटी), पतनचेरु, तेलंगाना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - दिनांक 14.07.2023 को रॉक मास के भू-तकनीकी मूल्यांकन, भौतिक-यांत्रिक गुणों के निर्धारण, खनन संचालन कार्य की सीक्वेंसिंग के लिए हट्टी गोल्ड माइन्स कंपनी लिमिटेड, जिला: रायचूर, कर्नाटक राज्य के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 18 जुलाई 2023 को बीओएफ स्टील स्लैग को रोड मेकिंग एग्रीगेट्स के रूप में परिवर्तित करने के लिए अरजस स्टील प्राइवेट लिमिटेड, ताड़ीपत्री प्लांट, आंध्र प्रदेश के लिए एलडी/बीओएफ स्टील स्लैग हेतु अनुकूलित स्टील स्लैग वैलोराइजेशन टेक्नोलॉजी के विकास के लिए अरजस स्टील प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

- दिनांक 18 जुलाई, 2023 को फ्लेक्सिबल पेवमेंट में सब-बेस और बेस कोर्स के स्थिरीकरण के लिए सीमेंटयुक्त सामग्री के विकास हेतु सोमानी इकोबिल्ड प्रोडक्ट्स एलएलपी के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 22 जुलाई 2023 को आपसी हित के क्षेत्रों में शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी, असम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - निम्नांकित के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए:
    - 10,000 एलपीएच विलवणीकरण संयंत्र के डिजाइन, विकास और कमीशनिंग के लिए पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डायरेक्टरेट, पश्चिम बंगाल सरकार, कोलकाता।
    - एसएसएसयू, वेरावल में सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई द्वारा अधिष्ठापित 1200 एलपीएच ब्रेकिश वाटर रिवर्स ऑस्मोसिस (बीडब्ल्यूआरओ) संयंत्र के रखरखाव के लिए श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल, गुजरात।

- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
  - इनके साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
    - नेशनल इंस्टिट्यूट ऑव बायोमेडिकल जीनोमिक्स, कल्याणी हेतु दिनांक 07-07-2023 को बायोमेडिकल जीनोमिक्स के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान।
    - मल्टी-ओमिक्स कैंसर प्रोफाइलिंग के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए दिनांक 28-07-2023 को श्री शंकर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बैंगलोर

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - हिमाचल प्रदेश के पालमपुर क्षेत्र के एम.सी. में आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास के उद्देश्य से आपसी ताकत और लाभ के सिद्धांतों पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ कार्यान्वयन साझेदारी के लिए नगर निगम, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश के साथ दिनांक 02.07.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - शैक्षणिक और अनुसंधान के लिए वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौडी गढ़वाल (उत्तराखंड) के साथ दिनांक 02.07.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - लौह समृद्ध छड़ों के विनिर्माण/प्रसंस्करण के हस्तांतरण के लिए डेक्कन हेल्थ केयर लिमिटेड, पंजागुट्टा, हैदराबाद के साथ दिनांक 02.07.2023 को करार पर हस्ताक्षर किए गए।
  - बड़े पैमाने पर कार्टिलेज स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए लैब स्केल प्रौद्योगिकी को तैयार करने के लिए डेक्कन हेल्थ केयर लिमिटेड, पंजागुट्टा, हैदराबाद के साथ दिनांक 02.07.2023 को करार पर हस्ताक्षर किए गए।

- भारतीय चाय में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए कुशल मंच स्थापित करने के लिए सलाहकार, जैवप्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के साथ दिनांक 19.07.2023 को एमओए पर हस्ताक्षर किए किए।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - सहकारी अनुसंधान को बढ़ावा देने और विचारों के आदान-प्रदान, नए ज्ञान के विकास और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ाने के लिए वीजेआईटी-हैदराबाद के साथ दिनांक 19/7/2023 को समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया।
  - एडब्ल्यूजी-मेघदूत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उत्तर प्रदेश के विभिन्न जल दुर्लभ स्थानों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक सीएसआर परियोजना को लागू करने के लिए सेवा-टीएचडीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के लिए केंद्रीय लुगदी एवं कागज अनुसंधान संस्थान (सीपीपीआरआई) सहारनपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 23 जुलाई 2023 को जल मैट्रिक्स में बहु तत्व विलयन के लिए आईएसओ 17034:2016 के अनुसार ''प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआरएम) के विकास'' पर सहयोगी परियोजना के लिए फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए स्वास्ति वेदा प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के साथ सहयोग।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्न से जुड़े समझौता ज्ञापन:
    - पेरोव्स्काइट सौर सेल और मॉड्यूल संयुक्त रूप से विकास करने के लिए एचएचवी एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर।
    - सहयोग के लिए प्रारंभिक ढांचा स्थापित करने हेतु आईपीएस अकादमी, इंस्टिट्यूट ऑव इंजीनियरिंग एंड साइंस, इंदौर।
    - ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आय और रोजगार सृजन के लिए क्षेत्रीय फसलों जैसे कटहल, केला, शहद आदि के लिए मूल्य संवर्धन ग्रामीण प्रौद्योगिकियों के लिए खादी ग्रामोद्योग निगम केरल सरकार केरल के माननीय उद्योग मंत्री की उपस्थिति में 26.07.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - ऑक्साइडों/खनिजों से कार्बाइड्स, नाइट्राइड्स और बोराइड्स के विकास और इसके अभिक्षणन के लिए कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड, चेन्नई।

- आपसी हितों जैसे विभिन्न प्रकार के बायोपॉलिमर संश्लेषण की माइक्रोबियल प्रक्रियाएं और संश्लेषण तथा पौधे आधारित नैनो सेलूलोज़ के उत्पादन एवं बैक्टीरिया मूल का उपयोग करके नैनो सेलूलोज़ के उत्पादन के क्षेत्रों में महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम।
- उपकरण के निर्माण के लिए एडीसी को तकनीकी जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन हेतु एंटनी डेविड त्रिशूर

• **सीएसआईआर-एनआईओ**

- दिनांक 21-07-2023 से दिनांक 20-07-2028 तक अपतटीय पवन ऊर्जा की बिजली निकासी प्रणाली के लिए समुद्र विज्ञान अध्ययन पर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडियन लिमिटेड के साथ करार

• **सीएसआईआर-एनएमएल**

- नोवासेन्सा प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के साथ प्रौद्योगिकी तकनीकी जानकारी लाइसेंसिंग के हस्तांतरण के लिए:
  - अपशिष्ट पीसीबी से धातुओं/लवणों के रूप में Cu, Al और Au का निष्कर्षण।
  - धातुओं/लवणों के रूप में Li, Co, Mn, Cu, Ni के मूल्य वर्धित उत्पादों का उत्पादन करने के लिए भुक्तशेष लिथियम-आयन बैटरियों (LIB) का रीसाइकल।

**हस्ताक्षरित सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन (अंतर्राष्ट्रीय)**

• **सीएसआईआर-एनआईओ**

- दोनों देशों के बीच नीली अर्थव्यवस्था मिशन की दिशा में बड़े पैमाने पर समाज के लाभ के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने हेतु महासागर विज्ञान के क्षेत्र में गतिविधियों के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमानमैरिटाइम यूनिवर्सिटी, ढाका, बांग्लादेश (बीएसएमआरएमयू) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और यह क्षमता निर्माण एवं मानव संसाधन विकास के संदर्भ में सहयोग को मजबूत करेगा। 07-07-2023 से 06-07-2028 तक

• **सीएसआईआर-एसईआरसी**

o दिनांक 24 जुलाई 2023 को "फटिग लाइफ इवेल्यूशन ऑव एलूमिनो-थर्मिट वेल्डेड रेल त्वाइंट्स फॉर क्लांग वैली डबल ट्रैक प्रोजेक्ट इन मलेशिया" के लिए धाया माजू इंफ्रास्ट्रक्चर (एशिया) एसडीएन बरहाद, मलेशिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**पेटेंटों की स्थिति**

| फाइल किए गए पेटेंट | | | प्रदत्त पेटेंट | | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* | एकाधिक देश | भारत | विदेश* | एकाधिक देश | भारत | विदेश* |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 13 | 16 | 21 | 04 | 07 | 14 | 205 |

* जून 2023 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है

**प्रदान की गईं उच्च प्रभाव वाली एसएंडटी सेवाएँ**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब (सीआरटीडीएच): दो एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की गईं, और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में दो एमएसएमई को नई दवा उत्पाद विकास के लिए परामर्श प्रदान किया गया। 'डायग्नोस्टिक किट अभिकर्मकों के स्थिरीकरण' के लिए एक परियोजना पर मेसर्स अचिरा लैब्स, बेंगलुरु के साथ बातचीत चल रही है।
  - परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा: आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, लिक्विड क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एलसी-एमएस), इलेक्ट्रोस्प्रे आयोनाइजेशन मास स्पेक्ट्रोमेट्री (ईएसआई-एमएस), हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) द्वारा नमूने के विश्लेषण के लिए सेवा प्रदान की गई। जुलाई-2023 माह में 31 उपयोगकर्ताओं के लिए कुल 126 बाहरी नमूनों का विश्लेषण किया गया है।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - निर्मल नेचर, गुड़गांव के लिए तीन उत्पाद फेस वॉश-क्लेंज़ी 80 किग्रा, लिपबाम 50 किग्रा, जेरेनियम एक्टिव शैम्पू 80 किग्रा निर्मित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - दुकान भवन और दुकान संरचना की संरचनात्मक स्थिरता (टीएसपी - 1497)
  - कांग्साबाती बांध (टीएसपी - 1501) के 11 गेटों की सेवा स्थिरता और स्वास्थ्य मूल्यांकन।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - नागपुर नगर निगम के लिए नागपुर शहर में चरण-II की सीमेंट कंक्रीट सड़कों की समग्र गुणवत्ता की विशेषज्ञ सलाह, मार्गदर्शन और मूल्यांकन
  - ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश के लिए गोंडा उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई सड़कों पर निष्पादित एफडीआर कार्य की जांच प्रदर्शन मूल्यांकन और सुधारात्मक उपाय
  - एनएचएआई, हरियाणा के लिए दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेसवे में 8-लेन (4+4) 5 अंडरपास (किमी 49.002,51.028,52.024,58.105 और 73.560 पर एलयूपी) किमी 66.587 पर इंटरचेंज और किमी 47.00 से किमी 78.800 तक किमी 50.340 पर छोटा पुल की संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट और स्वास्थ्य मूल्यांकन।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - सीएसआईआर-आईआईसीटी के सेंटर फॉर एनालिसिस ऑव केमिकल टॉक्सिंस (सीएसीटी) ने दिनांक 14 जुलाई, 2023 को सीडब्ल्यूसी रसायनों के विश्लेषण के लिए प्रतिष्ठित ओपीसीडब्ल्यू पदनाम का दर्जा प्राप्त किया है।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - संस्थान की चल रही विभिन्न परियोजनाओं, औद्योगिक ग्राहकों और एसीएसआईआर गतिविधियों के तहत दी जाने वाली परीक्षण सेवाएँ। इन परीक्षणों में गैसीय ईंधन (एएसटीएम डी7833, डी5504), तरल ईंधन (डी6730, यूओपी744, डी5623, डी4815, डी6584 और आईपी 391), इंजन तेल (एएसटीएम डी3524, डी3525), चिकनाई वाले तेल (एएसटीएम डी7419), मोम (एएसटीएम डी5442), पेट्रोलियम ईंधन और सामान्य रसायनों के जीसी-एमएस और एचआरएमएस शामिल हैं।
        - सीपीसीएल रिफाइनरी चेन्नई में क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट- II के लिए सिमुलेशन मॉडल विकास पर मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।
        - आयात विकल्प कम पिघलने वाले मोम को उनके अंतिम उपयोग के लिए मोल्बियो डायग्नोस्टिक्स के लिए अंशांकित किया जाता है
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
    - ओबरा थर्मल पावर प्रोजेक्ट, ओबरा से नमूनों का संग्रह और परीक्षण।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - आर्टिलरी शेल- एआरडीई, पुणे के 1:2.5 स्केल्ड मॉडल्स के पवन सुरंग मॉडल का डिजाइन और निर्मित
- **सीएसआईआर-नीरी**
    - गंगा और यमुना बेसिन में अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों का निरीक्षण।
    - आसपास के गांव में वायु, रव और भूजल पर एमआरपीएल के संचालन के कारण पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन।
    - "जोखिम आधारित रासायनिक मूल्यांकन के विज्ञान की खोज" पर संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला।
    - मैसर्स हेटेरो इंफ्रास्ट्रक्चर एसईजेड लिमिटेड के 5 किमी के दायरे में वायु, भूजल, मृदा और कृषि फसलों के मूल्यांकन पर अध्ययन।
    - कम लागत वाले बेहतर चूल्हों का बड़े पैमाने पर प्रसार और स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों का आकलन।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - बाजरा प्रसंस्करण के क्षेत्र में सीएसआईआर मिशन मोड की एक परियोजना स्वीकृत की गई और शुरू की गई। एनआईआईएसटी कार्य घटक का मुख्य फोकस बाजरा की बेहतर खेती और प्रसंस्करण के लिए जीवन चक्र मूल्यांकन और ब्लॉक श्रृंखला तंत्र के विकास पर है।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - 50 केवीए जलमग्न आर्क भट्टी में क्रोमाइट टेलिंग ब्रिकेट के पिघलने के व्यवहार की जांच करने के लिए जलमग्न आर्क भट्टी में गलाने के परीक्षण
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**

- शेक टेबल का उपयोग करके 30 केवीए के 1 इन्वर्टर का भूकंपीय परीक्षण, मेसर्स बीजीआर एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (केल्ट्रोन के लिए), तमिलनाडु
- ट्विन एसीएसआर मूज कंडक्टर के साथ 400 केवी डी/सी टेंशन टॉवर प्रकार 'डीसी' (15°-30° डेव.) का परीक्षण

**आउटरीच गतिविधियाँ (जिज्ञासा, कौशल विकास, और अन्य)**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - सीएसआईआर फोर्थ पैराडाइम इंस्टिट्यूट (सीएसआईआर-4पीआई), बेंगलुरु के वन वीक वन लैब अभियान का उद्घाटन 10 जुलाई को किया गया।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
    - 19-21 जुलाई, 2023 के दौरान "विरासत संरचनाओं के संरक्षण और पुनरुद्धार" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम। (देश भर से 30 व्यावसायियों/छात्रों ने भाग लिया)
    - हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद, हिमाचल प्रदेश (HIMCOSTE) द्वारा प्रायोजित, 10-14 जुलाई, 2023 के दौरान "इमारतों की मरम्मत और रेट्रोफिटिंग" पर पांच दिवसीय अग्रिम प्रशिक्षण कार्यक्रम। (हिमाचल प्रदेश सरकार के 33 इंजीनियरों ने भाग लिया)
    - 05-07 जुलाई, 2023 के दौरान "भवन निर्माण प्रणालियों" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। (40 प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया)
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - निम्नलिखित कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:
    - कौशल विकास कार्यक्रम (स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान);
    - स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम (प्रशिक्षण/शोध प्रबंध);
    - अनुसंधान एवं विकास संस्थानों/विश्वविद्यालय/उद्योग आदि के रिसर्च स्कॉलर्स और कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम;
    - छात्रवृत्ति पुरस्कार विजेताओं और ग्रीष्मकालीन अध्येताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम। उक्त कार्यक्रमों के तहत कुल 39 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
  - राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव और जिज्ञासा के तहत निम्नांकित पर बौद्धिक संपदा जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया:
    - दिनांक 14 जुलाई, 2023। संस्थान के कुल 180 रिसर्चस्कॉलर्स और 25 वैज्ञानिकों और 20 तकनीकी स्टाफ सदस्यों ने आईपीआर के विशेषज्ञों के साथ वैज्ञानिक चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

        - दिनांक 18 जुलाई 2023 एसआरएमयू, बाराबंकी, यूपी के छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के कुल 100 छात्रों और 25 संकाय सदस्यों और 20 कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
        - दिनांक 19 जुलाई 2023 हाइगिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी, फैजुल्लागंज, लखनऊ, यूपी के छात्रों के लिए। सीडीआरआई के वैज्ञानिकों के साथ वैज्ञानिक चर्चा में कॉलेज के कुल 120 छात्रों और 25 संकाय सदस्यों और 20 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
    - राष्ट्रीय बौद्ध संपदा महोत्सव के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:
        - दिनांक 25 जुलाई, 2023, बायोटेक्नोलॉजी-ओरिएंटिड बेंच-टू-बेडसाइड सोल्यूशंस के लिए बायोटेक्नोलॉजी इग्निशन ग्रांट (बीआईजी) पर एसआईआईसी आईआईटीके @इनक्यूबेटरआईआईटीके के सहयोग से एक उद्यमी विकास कार्यक्रम।
        - दिनांक 26 जुलाई, 2023, सिटी इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ, यूपी के छात्रों के लिए आईपीआर जागरूकता कार्यक्रम। कुल 50 छात्रों और 4 संकायों ने सक्रिय रूप से भाग लिया
        - दिनांक 27 जुलाई, 2023, एस आर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ, यूपी के छात्रों के लिए एक आईपीआर जागरूकता कार्यक्रम। कुल 100 छात्रों और 4 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।
        - दिनांक 28 जुलाई, 2023, बायोटेक पार्क, लखनऊ, यूपी के युवा उद्यमियों के लिए उद्यमी विकास कार्यक्रम। कुल 25 प्रतिभागियों एवं 2 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।
        - दिनांक 31 जुलाई, 2023, महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लखनऊ, यूपी के छात्रों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम। कुल 100 छात्रों और 20 संकायों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया:
        - 03.07.2023 - 07.07.2023 के दौरान "बेसिक्स ऑव हाई-रेजॉल्यूशन इमेजिंग तकनीक्स एंड देर एप्लीकेशंस टू साइंस एंड टेक्नोलॉजी" पर पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। (43 ने भाग लिया)।
        - दिनांक 27.07.2023 को "पेटेंट ड्राफ्टिंग" पर एक दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला (275 ने भाग लिया)
    - दिनांक 25.07.2023 को सीएसआईआर-सीईसीआरआई के 76वें स्थापना दिवस समारोह के संबंध में छात्रों की रैली और सोसाइटी कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। (142 छात्रों और 7 शिक्षकों ने भाग लिया)

- वन वीक वन लैब कार्यक्रम में स्कूली छात्रों को डीआईवाई किट प्रदर्शन और वितरण का किया गया, डॉ. टी. राजू, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा स्वागत भाषण, डॉ. के. रमेशा, निदेशक, सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा अध्यक्षीय भाषण, "पद्म श्री " प्रो. अनिल के. गुप्ता, हनी बी नेटवर्क, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, अहमदाबाद इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। डीआईवाई किट का नाम और डेवलपर्स का विवरण इस प्रकार है:
    - सौर-आधारित ली-आयन बैटरी पावर बैंक, ली-आयन बैटरी का उपयोग करने वाली रिचार्जेबल एलईडी टॉर्च लाइट और ली-आयन बैटरी संचालित हृदय गति निगरानी प्रणाली डॉ. एस. हेमवती, वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा विकसित की गई थी।
    - सुपरकैपेसिटर और एलईडी दो रिसर्च स्कॉलर्स अर्थात श्री एस. गोकुलनाथ और श्री पी. श्रीराम द्वारा विकसित किए गए।
    - विनिर्माण के लिए ऑटोकेटिड रोबोट आर्म, होम एप्लायंसेस किट के लिए स्मार्ट सोलर पैनल, होम ऑटोमेशन किट और आग और खतरा सुरक्षा सूचना किट श्री एस. जमाल मोहम्मद, रिसर्च स्कॉलर्स, सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा विकसित किए गए थे।
    - इंजीनियर एस. थिप्पेरुद्रस्वामी, वैज्ञानिक सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा विकसित इलेक्ट्रॉनिक गैजेट। 186 स्कूली छात्र-छात्राओं एवं 25 शिक्षकों ने भाग लिया।
    - **विज्ञानं विन्धैः**
    - अलगप्पा विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो पर निम्नांकित द्वारा भाषण दिए गए:
        - श्री एस. गुणासेकरन, प्रोजेक्ट एसोसिएट I ने दिनांक 04.07.2023 को "इलेक्ट्रोप्लेटिंग" पर व्याख्यान दिया।
        - डॉ. वी. मुरुगन, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने 07.07.2023 को "बायो-नैनो टेक्नोलॉजी" पर व्याख्यान दिया।
        - हमारे बी.टेक प्रथम वर्ष के चार छात्रों, नामशः के. सुबाथरा, आर. तेजश्री, सी. काव्य श्री, वी. पवधरानी ने दिनांक 19.07.2023 को अपने विषय "अपशिष्ट से संपदा" पर गहन चर्चा की।
        - सुश्री डी. मंजुबाहाशिनी, प्रोजेक्ट एसोसिएट I, ने दिनांक 25.07.2023 को "बैलेंस इन फिजियोलॉजी एसिड" पर व्याख्यान दिया।
- कॉलेज और स्कूल के छात्रों का दौरा:
    - श्री भारती इंजीनियरिंग महिला कॉलेज, कैक्कुरिची, पुदुक्कोट्टई के 110 छात्रों और छह संकाय सदस्यों ने दिनांक 04.07.2023 को दौरा किया।

- **सीएसआईआर-सीरी**

- डॉ. बी. लाल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, जयपुर के 15 छात्रों और 03 संकाय सदस्यों ने दिनांक 13 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-एसडीपी के तहत एक दिवसीय शैक्षिक दौरे सह वैज्ञानिक बातचीत कार्यक्रम के हिस्से के रूप में सीएसआईआर-सीईईआरआई जयपुर केंद्र का दौरा किया।
- जोधपुर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जोधपुर के 20 छात्रों और 02 संकाय सदस्यों ने दिनांक 12 जुलाई 2023 को सीएसआईआर-एसडीपी के तहत एक दिवसीय शैक्षिक दौरे सह वैज्ञानिक बातचीत कार्यक्रम के एक भाग के रूप में सीएसआईआर-सीईईआरआई जयपुर केंद्र का दौरा किया।
- सरकारी स्कूल कुहारू (मांडवा, राजस्थान) के 53 छात्रों ने 25 जुलाई 2023 को जलवायु आपातकाल सप्ताह और सभी के लिए एआई प्रदर्शनों पर जिज्ञासा कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सीएसआईआर-सीरी पिलानी का दौरा किया।

• **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**

- आज़ादी के अमृत महोत्सव राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा उत्सव के एक भाग के रूप में, विभिन्न कॉलेजों के छात्रों और संकाय सदस्यों और सीएसआईआर-सीएफटीआरआई के कर्मचारियों और रिसर्च स्कॉलर्स के लिए आईपी जागरूकता पर 14, 19, 21, 24 और 26 जुलाई, 2023 को छह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में 900 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।
- जिज्ञासा: संस्थान के ओडब्ल्यूओएल कार्यक्रम के दौरान, केंद्रीय विद्यालय, मांड्या, मैसूरु, चामराजनगर, बीआरबीएनएमपीएल (आरबीआई), सीएफटीआरआई स्कूल, गीता बाराठी स्कूल और महाबोधि स्कूल, मैसूरु के छात्रों के लिए छात्र-वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें 97 छात्रों और 10 शिक्षकों ने भाग लिया; दो कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:
  - फ्लोर मिलिंग में बुनियादी बातें और आटे की गुणवत्ता के मूल्यांकन आयोजन 03.07.2023 से 07.07.2023 तक किया गया और इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया;
  - ग्रामीण विकास के लिए कृषि वस्तुओं और सीएफटीआरआई प्रौद्योगिकियों का मूल्य संवर्धन (विशेष रूप से एनआरएलएम के लिए) 26.07.2023 से 28.07.2023 तक आयोजित किया गया था और इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

• **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**

- जुलाई, 2023 माह में दो कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
  25 से 28 जुलाई 2023 तक विश्लेषण के आधुनिक वाद्य तरीकों द्वारा कांच, चीनी मिट्टी और संबद्ध सामग्रियों के रासायनिक अभिलक्षणन के लिए उन्नत वाद्य विश्लेषण। इस कार्यक्रम में कुल 17 छात्रों ने भाग लिया है।

        - टेराकोटा प्रसंस्करण पर कौशल विकास कार्यक्रम 26 जुलाई से 27 जुलाई 2023 तक दत्ता पुकुर, उत्तर 24 परगना में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में 30 ग्रामीण कारीगरों ने भाग लिया।
    - जिज्ञासा कार्यक्रम - विज्ञान ज्योति का आयोजन किया गया
        - छात्र-वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम" 7 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया था। कोलकाता और उसके आसपास के छह अलग-अलग स्कूलों से तीन सौ स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - प्राकृतिक संसाधन संस्थान और मेघालय बेसिन विकास प्राधिकरण (एमबीडीए) अरोमा मिशन-III द्वारा प्रायोजित मेघालय सरकार के नोडल किसानों और अधिकारियों के लिए औषधीय और सगंधीय पौधों पर आधारित फॉर्मूलेशन के माध्यम से चार दिवसीय उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम 25 से 28 जुलाई, 2023 तक आयोजित किया गया था।
    - 01-31 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के तहत आईपीआर पर चार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - दिनांक 28.06.2023 से 27.07.2023 तक "खानों में यांत्रिक सुरक्षा" पर कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - "बौद्धिक संपदा अधिकार: सामान्य सिद्धांतों की समझ" पर अवेर्नेस कम इंटरएक्टिव प्रोग्राम का आयोजन निम्नलिखित के सहयोग से किया गया:
        - दिनांक 20/07/2023 को बीआईटी, सिंदरी, धनबाद।
        - दिनांक 24.07.2023 को विश्वविद्यालय भूविज्ञान विभाग, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ।
        - दिनांक 27.07.2023 को केएनयू, आसनसोल, पश्चिम बंगाल।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 26 जुलाई, 2023 को स्कूली छात्रों के लिए एक दिवसीय दौरा आयोजित किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा अपशिष्ट जल विश्लेषण, ठोस-अपशिष्ट प्रबंधन, हाइड्रोफोबिक/सुपरहाइड्रोफोबिक सामग्री, रोगाणुओं, चमड़े के उत्पादों पर विभिन्न प्रदर्शन सत्र आयोजित किए गए। 3 स्कूलों के 70 छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ भाग लिया।
    - दिनांक 28 जुलाई 2023 को 'भविष्य को आकार देने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रोबोटिक्स की शक्ति को उजागर करना' विषय पर एक लोकप्रिय वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 35 संकायों के साथ 92 छात्रों ने भाग लिया।
    - 17-20 जुलाई 2023 के दौरान "नवाचार के लिए विचारों का पोषण" विषय पर सीएसआईआर-एसईआरसी और सीएसआईआर-मद्रास कॉम्प्लेक्स, चेन्नई के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आईपी उत्सव का विषय

**आत्मानिर्भरता** के लिए 3एम (माइंड टू मार्केट मैनेजमेंट) रखा गया था। तकनीकी व्याख्यान में छात्रों, रिसर्च स्टाफ और उद्योग कर्मियों सहित 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 10 से 14 जुलाई, 2023 के दौरान "ट्रैफ़िक इंजीनियरिंग और सड़क सुरक्षा ऑडिट" पर 5 दिवसीय नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - जिज्ञासा इंटरएक्टिव मीट के तहत "स्टूडेंट साइंटिस्ट कनेक्ट" पर सीआरआरआई के वन वीक वन लैब कार्यक्रम के हिस्से के रूप में केंद्रीय विद्यालय नोएडा, उत्तर प्रदेश और केंद्रीय विद्यालय पुष्प विहार, दिल्ली के छात्रों के लिए एक दिवसीय इंटरैक्टिव कार्यक्रम आयोजित किया गया और छात्रों के लिए रोड सेफ्टी गेम का शुभारंभ किया गया।
  - राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (एनआरआईडीए) के लिए एनआरआईडीए के अधिकारियों के लिए सीआरआरआई में एनक्यूएम का ओरिएंटेशन कार्यक्रम
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल (सीएसआईआर-आईएसआई) कार्यक्रम के तहत दिनांक 4 जुलाई, 2023 को "फंडामेंटल्स ऑव एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक्स" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनआईटी जालंधर के सहायक प्रोफेसर डॉ. कपिल कुमार गोयल और सहायक प्रोफेसर डॉ. बिकास कुमार, सीएसआईआर-सीएसआईओ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार मीना ने कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। श्री नरिंदर सिंह जस्सल, सीएसआईआर-सीएसआईओ ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डीएसआईआर की पीआरआईएसएम योजना पर जागरूकता व्याख्यान दिया।

    दिनांक 6 जुलाई, 2023:
  - विज्ञान शिक्षक कार्यशाला सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के तहत सीएसआईआर-सीएसआईओ ने दिनांक 6 जुलाई, 2023 को श्री गुरु हरकृष्ण सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-40 सी, चंडीगढ़ में "मानव संवर्धन के लिए विज्ञान" पर स्कूल शिक्षकों के लिए विज्ञान कार्यशाला आयोजित की गई है। इस सत्र में "पानी में सेलेनियम का पता लगाना" और "जल क्लोरीन परीक्षण के लिए एचएमआई गेज" विषय पर आधारित व्याख्यान और व्यावहारिक गतिविधि शामिल थी। इस कार्यशाला में 15 शिक्षक शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - केंद्रीय विद्यालय, भावनगर और जवाहर नवोदय विद्यालय, भावनगर को क्लाइमेट क्लॉक्स वितरित की गईं
  - डॉ. खंजन त्रिवेदी ने सीएसएमसीआरआई में छात्रों को अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से व्याख्यान देने के लिए आत्मीय विश्वविद्यालय और सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एचआरडीजी**

- सीएसआईआर-आईएचबीटी के 41वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर, सीएसआईआर-जिज्ञासा के तहत तीन स्कूलों (जेएनवी, पपरोला, गवर्मेन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बैजनाथ और केंद्रीय विद्यालय, अलहिलाल) की 50 छात्राओं और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- सीएसआईआर-एनजीआरआई ने बर्लिन, जर्मनी में इंटरनेशनल यूनियन ऑफ जियोडेसी एंड जियोफिजिक्स की 28वीं आम सभा में भाग लेने के दौरान "जियोसाइंस हेतु जिज्ञासा: सीएसआईआर-एनजीआरआई, भारत की भूमिका" शीर्षक वाले पोस्टर के साथ सीएसआईआर-एनजीआरआई की जिज्ञासा गतिविधियों को भी प्रस्तुत किया।
- सीएसआईआर-सीआरआरआई ने दिनांक 25.07.2023 को बौद्धिक संपदा अधिकार में एकेएएम कार्यक्रम के तहत सुश्री निधि द्वारा कांड्रिया विद्यालय नोएडा में सत्र का आयोजन किया गया
- वैज्ञानिकों और रिसर्च स्कॉलर्स युक्त सीएसआईआर-आईएचबीटी टीम ने चल रहे आईपी अभियान के हिस्से के रूप में 27.07.2023 को केंद्रीय विद्यालय, पालमपुर का दौरा किया और आईपीआर के बारे में बताया और संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।
- दिनांक 28 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के तहत सीएसआईआर-सीएसआईओ ने राष्ट्रीय आईपीआर महोत्सव माह मनाया है और एआई आधारित गतिविधि पर कार्यक्रम भी आयोजित किया है। "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास: सीरी से सेल्फ-ड्राइविंग कारों तक" शीर्षक पर आईईईई एसीएसआईआर स्कॉलर्स का व्याख्यान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 145 छात्रों और 9 शिक्षकों ने भाग लिया।
- जैन बाल विद्या मंदिर, एसवीवीपी इंटरकॉलेज, केजीएस इंटर कॉलेज जीजीआईसी, जिला परिषद इंटर कॉलेज के छात्रों के लिए सीएसआईआर-सीमैप द्वारा दिनांक 28.07.2023 को "कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अवसर" पर वर्चुअल लेक्चर आयोजित किया गया था। इसमें 110 छात्रों ने भाग लिया।
- सीएसआईआर-जिज्ञासा के अंतर्गत सीएसआईआर-आईएचबीटी द्वारा दिनांक 28.07.2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला और केंद्रीय विद्यालय अहलीलाल, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की 42 छात्राओं और 03 शिक्षकों के लिए "साइबर सुरक्षा" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सीएसआईआर-एनईईआरआई द्वारा विज्ञान शिक्षकों के लिए 31 से 1 अगस्त 2023 के दौरान आरएससी के साथ संयुक्त रूप से व्यावसायिक विकास कार्यशाला आयोजित की गई।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 05.07.2023 को एग्रोटेक्नोलॉजी डिवीजन के चांदपुर फार्म में आयुर्वेदिक कॉलेज चंडीगढ़ के आयुर्वेदिक डॉक्टरों की सात सदस्यीय टीम के लिए एक दिवसीय एक्सपोज़र एवं

प्रशिक्षण यात्रा आयोजित की गई। इस टीम को औषधीय पौधों, उपयोग, खेती के तरीकों और मूल्य संवर्धन के विषय में जानकारी दी गई।

- जिला कांगड़ा के तीन अलग-अलग स्कूलों (जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला, केन्द्रीय विद्यालय, अलहिलाल और गवर्मेंट सीनियर सकेण्डी स्कूल, बैजनाथ, जिला कांगड़ा) के 45 छात्रों और 04 शिक्षकों ने 2 जुलाई 2023 को सीएसआईआर-आईएचबीटी स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान का अवलोकन किया।
- ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) से 08 छात्रों और 10 शिक्षकों ने 04 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर का अवलोकन किया। संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें "राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस" के लिए प्रोजेक्ट बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 14 जुलाई 2023 को 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फेस्टिवल-एनआईपीएफ)' का पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका दूसरा कार्यक्रम 17 जुलाई 2023 को ऑनलाइन आयोजित किया गया और लगभग 600 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया व कार्यक्रमों से लाभान्वित हुए।
  - एक शैक्षणिक संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए "वॉटर प्यूरिफिकेशन एंड वॉटर ऐनालिसिस" पर कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
  - दिनांक 25/07/2023 को "रीसेन्ट ट्रेन्ड्स इन फ्लोरो कैमिकल्स  एंड ट्रेडीशनल नॉलेज ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - 26 जुलाई 2023 को नैन्सी इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून के 150 छात्रों के लिए एआई और ऐनालिटिकल टेक्नीक्स (विश्लेषणात्मक तकनीकों) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - 10-21, जुलाई 2023 को 'ऐनालिसिस विद ऐलीमेंटल माइक्रोस्कोपिक एंड थर्मो ग्रेवीमेट्रिक टूल्स' पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज, लखनऊ के 500 से अधिक युवा छात्रों के लिए तीसरे बौद्धिक संपदा अधिकार सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैज्ञानिकों ने विज्ञान, रचनात्मकता, नवाचार, प्रौद्योगिकी प्रतिभा, बौद्धिक संपदा अधिकार और आर्थिक लाभ के लिए संरक्षित अधिकारों के मुद्रीकरण से सम्बन्धित  विविध रुचिकर विषयों पर चर्चा की।
  - 14 जुलाई, 2023 को "नर्चरिंग आइडियाज़ टू इनोवेशन" विषय पर एक बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें आईआईटी-रुड़की, शूलनी विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम

विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय आदि के 50 रिसर्च स्कॉलर्स शामिल हुए और सीएसआईआर-सीडीआरआई, आईसीएआर-एनबीएआईएम और सीएसआईआर-सीमैप जैसी अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं ने प्रतिभागिता की।
    - 27-28 जुलाई, 2023 को "ऑक्सीडेटिव एंड सेलुलर स्ट्रेस ऐसे" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के अन्तर्गत वेस्ट-टू-वैल्यू पर 05 जुलाई, 2023 को बाल्य भवन स्कूल, जोरहाट, असम में 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 200 छात्रों ने भाग लिया।
    - इस वर्ष की जिज्ञासा थीम, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" के तहत स्कूली छात्रों में एआई से सम्बन्धित जागरूकता और प्रसार करने के लिए सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के अंतर्गत 10 जुलाई, 2023 को एआई आधारित लोकप्रिय वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्सेल पब्लिक स्कूल, गुवाहाटी, असम के विज्ञान में उत्साह दर्शाने वाले छात्रों को आमंत्रित किया गया, जिसमें 2 संकाय सदस्यों के साथ 30 छात्रों ने भाग लिया।
    - स्टूडेंट-साइंटिस्ट कनेक्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 जुलाई, 2023 को अपर देवरी स्कूल के छात्रों ने भ्रमण किया।
    - स्टूडेंट-साइंटिस्ट कनेक्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत 14 जुलाई, 2023 को दुलियाजान जातीय विद्यालय के छात्रों ने भ्रमण किया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - "सिंथेटिक ऑर्गेनिक केमिस्ट्री–हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन फंडामेंटल्स एंड स्पेशलाइज्ड रिऐक्शन्स" पर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।
    - कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन:
        - 24 जुलाई 2023 को "हाइड्रोजन ऐनर्जी फ्रॉम रिन्यूएबल रिसोर्सेज एंड सर्कुलर इकोनॉमी" विषय पर।
        - एफआईसीएसआई के सहयोग से दिनांक 31.07.2023 से दिनांक 04.08.2023 तक फूड मोक्रोबायोलॉजी एंड फूड ऐनालिसिस विषय पर।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - 27 जून 2023 को स्कूली छात्रों के लिए "ऐलीमेन्ट्री लैबोरेटरी प्रैक्टिसेज ऑन ओशेनोग्राफी" विषय से सम्बन्धित एक प्रयोगशाला भ्रमण और हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग (व्यावहारिक प्रशिक्षण) आयोजित किया गया। सरकारी स्कूलों (जीएचएसएस एडापल्ली, जीएचएसएस एलमकुन्नापुझा और एचएसएस जीसस कोठाड) के 30 छात्रों को समुद्र विज्ञान से सम्बन्धित बुनियादी सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक ज्ञान में प्रशिक्षित किया गया।

- 13-14 जुलाई, 2023 के दौरान राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव मनाया गया, जिसमें संस्थान के छात्रों और संकायों के साथ-साथ गोवा के विभिन्न कॉलेजों में "प्रोटेक्शन एंड मैनेजमेंट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स" विषय पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - 14 जुलाई, 2023 को डीबीएमएस कदमा, जेवियर इंग्लिश स्कूल, तामुलिया और जेवियर पब्लिक स्कूल, कीटाडीह के लिए एक दिवसीय दौरे का आयोजन किया गया। इसमें 198 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।
  - 21 जुलाई, 2023 को जमशेदपुर पब्लिक स्कूल-बारीडीह, कासीडीह हाई स्कूल और बीपीएम +2 हाई स्कूलों के लिए एक दिवसीय दौरे का आयोजन किया गया। इसमें 205 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।
  - सीएसआईआर के आईपी अभियान- "राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फेस्टिवल)" के अन्तर्गत आईपी लाइफ साइकिल थीम के साथ बौद्धिक संपदा (आईपी) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - 11 जुलाई 2023 को श्री शंकर विद्याश्रमम मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, तिरुवन्मियूर, चेन्नई में सीएमसी के साथ संयुक्त रूप से "क्लाइमेट क्लॉक इंस्टालेशन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सीएमसी-सीएसआईओ चेन्नई यूनिट के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने छात्रों के लिए जलवायु परिवर्तन और इसके महत्व के सम्बनध में एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। छात्रों के समक्ष क्लाइमेट क्लॉक को जोड़ा, प्रदर्शित व अधिष्ठापित किया। इसमें 250 छात्रों और 15 शिक्षकों ने भाग लिया।
  - नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी लिमिटेड) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अधिकारियों के लिए अनुकूलित अल्प अवधि पाठ्यक्रम का आयोजन:
    - 03-07 जुलाई 2023 के दौरान जिओटेक्निकल इंवस्टिगेशन्स । इसमें 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - 17-20 जुलाई 2023 के दौरान स्टील स्ट्रक्चर्स इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - सेना, शिक्षा जगत, रक्षा सम्बन्धी प्रयोगशालाओं, सीएसआईआर मुख्यालय के प्रतिनिधियों और निजी उद्योगों के लिए पणधारक बैठक (स्टेकहोल्डर मीटिंग) का आयोजन किया गया:
    - 24 जुलाई 2023 को सुरक्षा कर्मियों के लिए एमएलपी-220, हाई वेलोसिटी मल्टी-हिट रेसिस्टेंट मूवेबल प्रोटेक्टिव बूथ/शेक (एफटीटी प्रोजेक्ट)।
    - 24 जुलाई 2023 को उन्नत प्रभाव प्रतिरोध के लिए ओएलपी-223, जैव-प्रेरित कार्यात्मक रूप से वर्गीकृत सीमेंटयुक्त कम्पोजिट पैनल।
    - 28 जुलाई 2023 ओएलपी-227, टिकाऊ और विश्वसनीय स्टील लैटिस स्ट्रक्चर्स – (एसएआरएसएस)। सम्बन्धित मंत्रालय, अनुसंधान परिषद, शिक्षा, मानकीकरण और

उद्योग (निर्माता, डिजाइन कार्यालय, ठेकेदार) का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 66 प्रतिभागी शामिल हुए थे।

- **सीएसआईआर-यूआरडीआईपी**
  - डॉ. किशोर श्रीनिवासन, प्रमुख, सीएसआईआर-यूआरडीआईपी ने 24 जुलाई 2023 को "राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव" के अंश के रूप में सीएसआईआर-सीमैप में "आईपी वैल्यू-द "पोर्टफोलियो" पर्सपेक्टिव" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - सीएसआईआर यूआरडीआईपी और सीएसआईआर-आईपीयू के स्टाफ द्वारा 2 दिवसीय आईपी फाइलिंग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीएसआईआर-यूआरडीआईपी के प्रमुख डॉ. किशोर श्रीनिवासन ने अपनी टीम के साथ 25-26 जुलाई 2023 तक सीएसआईआर-सीमैप का दौरा किया और आईपी फाइलिंग में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा पेटेंट योग्यता मानदंड, तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन व आविष्कारों पर प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया।
  - डॉ. शिवकामी धुलप, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने 31 जुलाई 2023 को सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद में "इंटेलेक्युअल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट: जेनरेशन, प्रोटेक्शन एंड कॉमर्शियलाइज़ेशन" पर कार्यशाला के अंश के रूप में "पेटेंट एंड पेटेंट प्रौक्टिसेज – द पेटिनफॉर्मेटिक्स होमवर्क" पर एक इन्वाइटेड लेक्चर प्रस्तुत किया।

**आयोजित किए गए प्रमुख सम्मेलन, सेमिनार/वेबिनार, कार्यशालाएँ सीएसआईआर-मुख्यालय**

- **सीएसआईआर-मुख्यालय**
  - सीएसआईआर-केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएफटीआरआई), मैसूर ने 3-7 जुलाई, 2023 तक सीएसआईआर-फोर्थ पैराडाइम इंस्टीट्यूट (सीएसआईआर-4पीआई), बेंगलुरु ने 10-15 जुलाई, 2023 तक; सीएसआईआर- केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआरआरआई), नई दिल्ली ने 16-22 जुलाई, 2023 तक; सीएसआईआर-सेंट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसआईआर-सीईसीआरआई), कराईकुडी, तमिलनाडु ने 24-29 जुलाई, 2023 तक वन वीक वन लैब (ओडब्ल्यूओएल) अभियान का आयोजन किया।
  - सीएसआईआर ने 31 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर अमृत व्याख्यान श्रृंखला का तीसरा व्याख्यान आयोजित किया। डॉ. स्वामीनाथ शिवराम, मानद प्रोफेसर एमेरिटस और आईएनएसए एमेरिटस साइंटिस्ट आईआईएसईआर, पुणे और मानद प्रोफेसर आईआईएसईआर, कोलकाता ने "सीएसआईआर रेसिंग वन हंड्रेड: चैलेन्जेज एंड ऑपर्च्युनिटीज" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - सीएसआईआर और उसकी प्रयोगशालाओं ने 21-23 जुलाई, 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में फूड एंड टेक्नोलॉजी एक्सपो-2023 में भाग लिया । भाग लेने वाली प्रयोगशालाओं में सीएसआईआर-आईएचबीटी, सीएसआईआर-सीएफटीआरआई थीं।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**

- 24-28 जुलाई 2023 तक वन वीक वन लैब (ओडब्ल्यूओएल) अभियान को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात हस्तियों, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, उच्च ख्याति और क्षमता वाले वक्ताओं, अनुसंधानकर्ताओं, छात्रों, उद्यमियों, लाइसेंसधारियों और जनता ने भाग लिया।
- 76वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - 11-12 जुलाई 2023 तक राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के दौरान बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। । इसमें 650 छात्रों ने भाग लिया।
  - 27-29 जुलाई 2023 को उदयपुर में उज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में भाग लिया। सीएसआईआर ने सर्वश्रेष्ठ इंफर्मेटिव स्टॉल का पुरस्कार जीता।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - 5 जुलाई 2023 को "स्टैटिस्टिक्स एंड डेटा ऐनालिटिक्स यूज़िंग एसपीएसएस सॉफ्टवेयर" विषय पर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - 18 जुलाई 2023 को बायोमेडिकल मटीरियल्स पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रोफेसर एल्बिएटा पामुला ने 'मल्टीफंक्शनल बायोमटीरियल्स फॉर टिशू इंजीनियरिंग एंड ड्रग डिलीवरी' विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - 19 जुलाई 2023 को 'सस्टेनेबल ट्रीटमेंट फॉर ऑर्गेनिक फ्रैक्शन्स ऑफ म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट फॉर स्मार्ट सिटीज' विषय पर एक प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डर्क वीचग्रेबे, लीबनिज विश्वविद्यालय, हनोवर, जर्मनी और डॉ. एसवी श्रीनिवासन, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीएलआरआई, परियोजना जांचकर्ताओं आईजीएसटीसी द्वारा वित्त पोषित इंडो-जर्मन परियोजनाओं के परिणाम प्रस्तुत किए।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - निम्नांकित विषयों पर हाई-एंड कार्यशाला (एसईआरबी कार्यशाला) का आयोजन किया गया:
    - जून 26-02 जुलाई, 2023 तक इंटरनेट-ऑफ़-थिंग्स (आईओटी-IoT) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा इसके औद्योगिक अनुप्रयोग।
    - 22-29 जुलाई, 2023 तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असिस्टेड सर्वेलेंस एंड सेक्योरिटी: ऐसिलरेटिंग कोलैबोरेटिव पब्लिक सेफ्टी।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 16-22 जुलाई, 2023 के दौरान वन वीक वन लैब अभियान का आयोजन, सम्पूर्ण भारत के विभिन्न शहरों में निम्नांकित कार्यक्रम/कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।
    - 16 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-आईजीआईबी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में कर्टेन रेज़र।
    - 17 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली में छात्र वैज्ञानिक सम्पर्क कार्यक्रम।

    - 18 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली में उद्योग बैठक।
    - 19 जुलाई, 2023 को सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली में यंग रिसचर्स कॉनक्लेव।
    - 20 जुलाई, 2023 को कन्वेंशन सेंटर, लोकसेवा भवन, भुवनेश्वर में राज्य सरकार के साथ बातचीत।
    - 21 जुलाई, 2023 को आईआईआईटी-हैदराबाद, हैदराबाद में अगली पीढ़ी का परिवहन (नेक्स्ट जनेशन ट्रांसपोर्ट)।
    - 22, जुलाई 2023 को एनईसी ऑडिटोरियम, शिलांग में मोबिलिटी @ नॉर्थ ईस्ट।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - ल्यूमिनेसेंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (एलएसआई) के सहयोग से, 3 जुलाई से 6 जुलाई, 2023 के दौरान ल्यूमिनेसेंस और उसके अनुप्रयोगों (आईसीएलए 2023) पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन मुख्य रूप से ल्यूमिनेसेंस मटीरियल्स और फोटोवोल्टिक्स, ओएलईडी , एफईटी, आदि जैसे ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स में इसके अनुप्रयोगों तथा जैविक अनुप्रयोग जैसे बायोइमेजिंग और कैंसर थेरेपी आदि।

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
    - प्रोफेसर वेंकटेश कोडूर, मिचिगन स्टेट यूनिवर्सिटी ने 17 जुलाई, 2023 को रबींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम, सीबीआरआई में सीएसआईआर-सीबीआरआई ऐक्सपर्ट लेक्चर सिरीज "कंडीशन असेस्मेंट एंड रीफर्बिशमेंट ऑफ फायर डैमेज्ड स्ट्रक्चर्स: फ्रॉम रैनेसॉ ऐनालिसिस" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - श्री एस गोपालकृष्णन, विशेष सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 जुलाई-2023 को दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - आईसीडीएस योजना के टेक होम राशन में सुधार के लिए संभावित सहयोग पर चर्चा करने हेतु दिनांक 25.7.2023 को श्रीमती शुभा सरमा, आईएएस, आयुक्त-एवं-सचिव, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, ओडिशा सरकार ने अधिकारियों के साथ दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी से ग्लोबल मीथेन इनिशिएटिव (जीएमआई) की सह-अध्यक्ष (कोल माइन्स सबकमेटी) सुश्री वोल्हा रोशचंका और एडवांस्ड रिसोर्सेज इंटरनेशनल, यूएसए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जोनाथन केलाफैंट ने 13-14 जुलाई, 2023 के दौरान दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - श्री धम्मज्योति गजभिये आईपीओएस, प्रबंध निदेशक, चमड़ा उद्योग विकास निगम, महाराष्ट्र, एलआईडीसीओएम और अन्य प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने 04 जुलाई 2023 को दौरा किया।

- लाइबनिज विश्वविद्यालय, हनोवर (एलयूएच) के जर्मन प्रतिनिधियों ने 20 जुलाई 2023 को दौरा किया। लाइबनिज विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. वोल्कर एपिंग ने अपने प्रतिनिधियों के साथ सीएसआईआर-सीएलआरआई के निदेशक डॉ. केजे श्रीराम और सीएसआईआर-एसईआरसी के निदेशक डॉ. एन आनंदवल्ली से मुलाकात की और भारत-जर्मन परियोजनाओं व सहयोग के भावी अवसरों के विषय में चर्चा की।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार 17 जुलाई, 2023 को "स्टूडेंट साइंटिस्ट्स कनेक्ट" पर आधारित वन वीक वन लैब अभियान से सम्बन्धित कार्यक्रम/कार्यशाला के मुख्य अतिथि थे।
  - डॉ. वी के सारस्वत, सदस्य नीति आयोग, भारत सरकार और चांसलर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने 16 जुलाई, 2023 को "कर्टेन रेज़र" पर आधारित वन वीक वन लैब अभियान से सम्बन्धित कार्यक्रम/कार्यशाला के दौरान दौरा किया।
  - श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, माननीय राज्य मंत्री, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार ने 18 जुलाई, 2023 को "उद्योग मीट" पर आधारित सीएसआईआर-सीआरआरआई वन वीक वन लैब अभियान कार्यक्रम/कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर-सीआरआरआई का दौरा किया।
  - श्रीमती रुचिका चौधरी गोविल (आईआरएस), अपर सचिव (इस्पात मंत्री) ने 18 जुलाई, 2023 को "उद्योग मीट" विषयक सीएसआईआर-सीआरआरआई वन वीक वन लैब अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर-सीआरआरआई का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिनांक 23-07-2023 को दौरा किया।
  - हिमाचल प्रदेश सरकार की कैनबिस उपसमिति में शामिल श्री केवल सिंह पठानिया, मा. विधायक, डॉ. जनक राज, मा. विधायक, श्री एम राजन, माननीय विधायक, डॉ. राजीव डोगरा, अपर आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग, प्रो. राजन कटोच, वैज्ञानिक एचपीएयू ने 25 और 26 जुलाई 2023 को दौरा किया।

**कोविड से संबंधित विकास/अनुसंधान**

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - हवा से औद्योगिक और चिकित्सा ग्रेड ऑक्सीजन के उत्पादन हेतु वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध अधिशोषक के साथ तुलनीय नाइट्रोजन अधिशोषण की क्षमता के साथ वायु पृथक्करण ग्रेड जिओलाइट एक्स ग्रैन्यूल तैयार करने के लिए एक प्रक्रिया विकसित की गई।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**

- "स्पैशिओटेम्पोरल डायनामिक्स ऑफ सार्स-कोव-2 वेरिएन्ट्स इन वेस्टवॉटर सिस्टम्स इन नॉर्थईस्ट इंडिया थ्रू जीनॉमिक सर्वेलेंस एंड ऐपीडीमिओलॉजी फॉर फोरकास्टिंग इट्स स्प्रेड" शीर्षक वाली परियोजना के अंतर्गत, सीएसआईआर-एनईआईएसटी ने जोरहाट जिले के विभिन्न अपाशिष्ट जल निकायों से सार्स-कोव-2 के लिए अपशिष्ट जल-आधारित मॉनीटरिंग की है। जून-जुलाई 2023 माह में जोरहाट जिले के विभिन्न हिस्सों से अपशिष्ट जल के 50 नमूने एकत्र किए गए हैं और सभी नमूनों का परीक्षण नकारात्मक रहा है।
- अपशिष्ट जल आधारित सार्स-कोव-2 को अभिज्ञात करने और लक्ष्य-आधारित जीनोम सीक्वेंसिंग हेतु प्रोटोकॉल की स्थापना।
- जीनोम सीक्वेंसिंग से सम्बन्धित गतिविधियाँ प्रगति पर हैं। हालाँकि, जुलाई माह के दौरान सीक्वेंसिंग हेतु कोई नमूने प्राप्त नहीं हुए हैं।

**इंडिया @75 या *आज़ादी की अमृत महोत्सव* / भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - स्कूली छात्रों को आईपी अधिकारों के महत्व और रचनात्मकता तथा नवाचार को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के विषय में शिक्षित करने के लिए एक बौद्धिक संपदा (आईपी) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया:
    - दिनांक 28.07.2023 को आर्मी पब्लिक स्कूल, मेरठ में (417 छात्रों और 9 संकाय सदस्यों ने भाग लिया)।
    - स्कॉलर्स एकेडमी, रूड़की में (304 छात्रों और 8 संकाय सदस्यों ने भाग लिया)।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव मनाया गया। केआरसी, सीएसआईआर-सीडीआरआई द्वारा @Questel_Group के सहयोग से पेटेंट सर्च प्लेटफॉर्म ऑर्बिट इंटेलिजेंस के परिचय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ इलेक्ट्रोकेमिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसएईएसटी) के सहयोग से सीएसआईआर-सीईसीआरआई ने 'इलेक्ट्रोकेमिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजीज: ए पाथ फॉरवर्ड टू सस्टेनेबल सोसाइटी' पर आधारित एक मासिक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। जुलाई 2023 के दौरान निम्नलिखित व्याख्यान आयोजित किए गए:
    - प्रो. संगाराजू शनमुगम, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेगू ग्योंगबुक इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीजीआईएसटी), दक्षिण कोरिया ने 4 जुलाई, 2023 को "नैनोस्ट्रक्चर्ड मटीरियल्स फॉर ग्रीन एंड सस्टेनेबल फ्यूचर एनर्जी टेक्नोलॉजीज़" विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

    - प्रोफेसर बालाजी सुब्रमण्यन, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग, ट्रेंट यूनिवर्सिटी, पीटरबरो, कनाडा ने 6 जुलाई, 2023 को "इलेक्ट्रोक्रोमिक एवं फोटोक्रोमिक मटीरियल्स/ डेवाइसेज" पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
    - "सीएसआईआर-सीईसीआरआई इन-हाउस सिम्पोज़ियम" का 75वां स्थापना वर्ष मनाया गया, यह एक वार्षिक कार्यक्रम था, जिसमें सभी प्रभागों के वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान एवं विकास कार्य प्रस्तुत किए। इस पहले इन-हाउस सिम्पोज़ियम को दिनांक 07.07.2023 (पहला दिन) और दिनांक 14.07.2023 (दूसरा दिन) के दौरान आयोजित किया गया।
    - आईपी अभियान - सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में "राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव" (आरबीएसएम) मनाया गया: सीएसआईआर-सीईसीआरआई ने आईपी जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव 2023 के अंश के रूप में, सीएसआईआर-सीआरआरआई ने निम्नां कित व्याख्यान आयोजित किए:
    - 17 जुलाई, 2023 को "बेसिक्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स"।
    - 19 जुलाई, 2023 को "टेक्नोलॉजी डवलपमेंट कनन्ड्रम: रिसचर्स परस्पेक्टिव"।
    - 19 जुलाई 2023 को "इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी-व्हाट,व्हाई एंड हाऊ?"
    - 28 जुलाई, 2023 को "कम्पीटिंग थ्रू इंटेलेक्चुअल (आईपीआर)"।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - सीएसआईआर-सीएसआईओ और सीएसआईआर-आईएमटेक ने संयुक्त रूप से 11-12 जुलाई, 2023 के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) - आईपी अभियान - "राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा महोत्सव" के अंश के रूप में एक आईपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (एनआईपीएफ), सीएसआईआर - खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमएमटी), भुवनेश्वर ने बौद्धिक सम्पदा से सम्बन्धित ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 17 जुलाई, 2023 को "सीएसआईआर-आईपी रथ" को हरी झंडी दिखाई। दो सप्ताह की सीएसआईआर-आईपी रथ यात्रा ने भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी की दूरी के भीतर स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों, एमएसएमई, स्थानीय गांवों और औद्योगिक इकाइयों को समाविष्ट किया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - संस्थान ने 21-28 जुलाई, 2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव - राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव/नेशनल इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी फेस्टिवल" मनाया।

- वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएसआईआर-आईएमएमटी, भुवनेश्वर ने 21 जुलाई, 2023 को "आईपी स्पेक्ट्रम – ऐन ओवरव्यू" विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, स्कॉलरों और प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।
- आईएचबीटी के निदेशक ने स्कूलों और कॉलेजों के लिए आयोजित किए जा रहे एकेएएम-राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के अन्तर्गत आईपी जागरूकता अभियान को शुरू किया।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी के वैज्ञानिकों और विद्वानों ने दिनांक 25.07.2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला के स्कूली बच्चों को आईपीआर के विषय में जानकारी दी और संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 19 जुलाई 2023 को जीएसीएल द्वारा हाइड्राज़ाइन हाइड्रेट (एचएच) के वाणिज्यीकरण की सफल शुरुआत का जश्न मनाया गया। जीएसीएल और सीएसआईआर-आईआईसीटी, हैदराबाद को संयुक्त रूप से हाइड्राज़ाइन हाइड्रेट (H6N20) के निर्माण की स्वदेशी प्रक्रिया के लिए भारत और अमेरिका से पेटेंट प्राप्त हुआ है। 10,000 टीपीए 80% हाइड्राज़ाइन हाइड्रेट का एक वाणिज्यिक संयंत्र सीएसआईआर-आईआईसीटी द्वारा डिजाइन किया गया और जीएसीएल द्वारा उनके दहेज परिसर में स्थापित किया गया।
  - डॉ. इरफान खान, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉव केमिकल कंपनी, टेक्सास, यूएसए ने 26 जुलाई 2023 को प्रोडक्ट एंड प्रॉसेस डवलपमेंट इन केमिकल इंडस्ट्री टू मीट सस्टेनेबिलिटी नीड्स" विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - इंस्टीट्यूट फॉर एक्सपेरिमेंटल मॉलिक्यूलर इमेजिंग, यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल आरडब्ल्यूटीएच आचेन से प्रोब डिजाइन के ग्रुप लीडर डॉ. श्रीनिवास बनाला ने 24 जुलाई, 2023 को "डवलपमेंट ऑफ ब्राइट एंड ब्लैक डाइज़ फॉर मॉलिक्युलर इमेजिंग ऐप्लीकेशन्स" विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - फार्मा, पारंपरिक ज्ञान और एग्रोटेक उद्योग में ज्ञान साझा करने, सहयोग करने और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 17-24 जुलाई, 2023 तक 6 दिवसीय आईपी फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस कार्यक्रम में 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गये:
    - 17 जुलाई, 2023 को "शेपिंग द इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लैंडस्केप इन ड्रग इनोवेशन" विषय पर फार्मा आईपी सम्मेलन (हाइब्रिड मोड)।
    - 18 जुलाई, 2023 को "नरचरिंग इनोवेशन एंड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इन प्लांट वैराइटीज एंड ऐग्री-स्टार्टअप्स" विषय पर एग्रोटेक आईपी सम्मेलन।
    - सरकारी महिला कॉलेज, परेड ग्राउंड, जम्मू के छात्रों, स्कॉलरों और संकाय सदस्यों के लिए 19 जुलाई, 2023 आईपीआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनएएल**

- 4 जुलाई, 2023 को ईस्ट प्वाइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बैंगलोर में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए शिक्षा और अनुसंधान में आईपीआर की भूमिका।
- सीएसआईआर-एनएएल के कर्मचारियों के लिए 06 जुलाई, 2023 को पीबीएमडी सेमिनार हॉल, सीएसआईआर-एनएएल में अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में आईपी का महत्व।
- स्कूली छात्रों (11वीं और 12वीं कक्षा) और स्कूलों के लिए एएसडीसी, सीएसआईआर-एनएएल, बैगलोर में 21 जुलाई, 2023 को रचनात्मक और नवोन्वेषी भारत हेतु आईपी साक्षरता - जिज्ञासा छात्र कार्यक्रम।
- ईस्ट प्वाइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बैंगलोर में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए 21 जुलाई, 2023 को पेटेंटिंग फ्रॉम इन्वेन्टर पर्सपेक्टिव।
- 27 जुलाई, 2023 को आर्यभट्ट सेमिनार हॉल, केएस स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बैंगलोर में इंजीनियरिंग और प्रबंधन के छात्रों के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों, एआई और स्थिति की मॉनीटरिंग के लिए आईपी साक्षरता की आवश्यकता।

- **सीएसआईआर-नीरी**
  - 14 जुलाई को एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता और संवादात्मक कार्यक्रम।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव 2023 के अवसर पर 14 जुलाई, 2023 को 'प्रमोशन एंड प्रोटेक्शन ऑफ ट्रेडीशनल नॉलेज ऑफ एनईइंडिया' पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - 25 जुलाई, 2023 को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव 2023 के अवसर पर असम काजीरंगा विश्वविद्यालय में 'प्रमोशन एंड प्रोटेक्शन ऑफ ट्रेडीशनल नॉलेज ऑफ एनईइंडिया' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - 26 जुलाई 2023 को सीएसआईआर एनआईआईएसटी में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के मद्देनजर आईपीआर सेमिनार।
  - 29 जुलाई 2023 को लूर्डेस माथा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आईपी जागरूकता पर वेबिनार।
  - 17 जुलाई 2023 को सीएसआईआर-सीईसीआरआई, कराईकुडी में आईपी जागरूकता पर व्याख्यान।
  - 11 जुलाई 2023 को श्री चित्रा थिरुनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पप्पनमकोड में आईपी जागरूकता पर व्याख्यान।

**विभागीय गतिविधियां**

डीएसआईआर का मैंडेट प्रौद्योगिकी प्रोन्नयन, विकास और इसके उपयोग के अलावा औद्योगिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।विभाग का औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास प्रोन्नयन कार्यक्रम देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और पोषित करने के लिए, उद्योगों की इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता देता है और पंजीकरण करता है, ना कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ),सार्वजनकि वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए और समय-समय पर इन मान्यता/पंजीकरण को संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर संशोधित) के तहत नवीनीकृत करता है। जिनमें से ये संगठन उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास (आईटी अधिनियम की धारा 35(2एबी) के तहत) सीमा शुल्क छूट और भारित कर कटौती प्राप्त करने में योग्य हैं।यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने में मदद करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम(आईआरडीपीपी)**
**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 2 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों को नई मान्यता दी गई और 2 को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- उद्योगों की 85 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों के पंजीकरण की मान्यता दी गई और 92 को पंजीकरण प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया।

**'वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (साइरो)**

- 4 साइरो को नई मान्यता डी गई और 2 को पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया गया।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान(पीएफआरआई)**

- 5 पीएफआरआई पंजीकरण प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया।

**आई टी एक्ट 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए वित्तीय प्रोत्साहन**

भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के तत्वावधान में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद(सीएसआईआर) के सहयोगियों के साथ उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने के साथ अनुसंधान कार्यालय महानियंत्रक पेटेंट, डिजाइन, और व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम), पौधों की विविधता और किसानों के अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (पीपीवीएफआरए), राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) और संरचना फाउंडेशन ने एक महीने तक चलने वाला राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (आरबीएसएम) - राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव का उत्सव 1 जुलाई 2023 से 31

जुलाई 2023 तक शुरू किया।आरबीएसएम का उद्देश्य बड़े पैमाने पर जागरूकता लाना और बौद्धिक संपदा का उपयोग करके मूल्य निर्माण के महत्व को उजागर करना और उन्हें संपत्ति में परिवर्तित करना था।यह अभियान केंद्रित,समय बद्ध, पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, जीआई, डिजाइन, सेमीकंडक्टर के लेआउट, पौधों की विविधता पंजीकरण आदि को बढ़ाने के लिए लक्ष्य आधारित पहल थी। डीएसआईआर ने एनआरडीसी के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संबंधित राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में 6 जुलाई, 2023 को,; 14 जुलाई, 2023 को अगरकर अनुसंधान संस्थान (एआरआई), पुणे; 19 जुलाई, 2023 को गुवाहाटी बायोटेक पार्क, असम; 20 जुलाई, 2023 को आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसाइटी (एपीआईएस), विशाखापत्तनम; और 25 जुलाई, 2023 को टैगोर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज, पुडुचेरी में 5 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।कार्यशालाओं में व्यक्तिगत इनोवेटर्स, इन्वेंटर्स, अनुसंधान करने वाले विद्वान, अकादमिक और आर एंड डी संस्थानों के सदस्यों ने भाग लिया।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं अर्थात (i) वैकतयिक,स्टार्ट-अप्स एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं, या सेवाओं का रूप ले सकने वाले प्रदर्शन योग्य मॉडल / प्रोटोटाइप / प्रक्रियाओं में; और उन्हें इनक्यूबेटी/तकनीकी-उद्यमी बनने में सहायता करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पेस), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का निर्माण और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू करने के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्रों को भी आगामी अध्ययन और सम्मेलन मे शामिल किया जाएगा।

**वैकतयिक स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना:**

इस अवध के दौरान *7* नवाचार परियोजनाओं की समीक्षा की गई और इस अवधि के दौरान 2 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

**सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (सीआरटीडीएच) योजना:**

**सीआरटीडीएच-चिंतन शिविर - 27 जुलाई 2023 को आईआईटी खड़गपुर में सीआरटीडीएचएस एम्पावरिंग एमएसएमई का आयोजन किया गया**

27 जुलाई 2023 को आईआईटी खड़गपुर के कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब (सीआरटीडीएच) में "एमएसएमई को सशक्त बनाने वाला चिंतन शिविर-सीआरटीडीएच" आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के सचिव के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ और सीआरटीडीएच में अत्याधुनिक सुविधाओं सहित एमएसएमई/स्टार्टअप/इनोवेटर्स को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। पूरे दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम ने एमएसएमई/स्टार्टअप/इनोवेटर्स को यह समझने के लिए एक मंच प्रदान किया कि ये संसाधन कैसे उनकी क्षमता को बढ़ा सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और किफायती स्वास्थ्य समाधान के क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ा सकते हैं।

**ए2के+: कार्यक्रम**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर (आईआईटी-I) द्वारा आयोजित एआई और एमएल जैसे ऊर्जा प्रद्योगिकियों को अपनाने हेतु संगठनों की तत्परता और हित'' नामक तकनीकी और वित्तीय प्रगति की समीक्षा के लिए 17 जुलाई, 2023 को परियोजना निर्देश सह समीक्षा समिति का आयोजन किया गया था। पीजीआरसी की अध्यक्षता वैज्ञानिक-जी और प्रमुख, ए2के+ स्टडीज ने की और इसमें डीएसआईआर अधिकारियों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संस्थानों से पीजीआरसी के विशेषज्ञ सदस्यों ने भाग लिया।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू)/ए2के+:**

जैव विज्ञान और रेशम उत्पादन विभाग, श्री पद्मावती महिला विश्व विद्यालय, तिरूपति, आंध्र प्रदेश की **"रेशम और कोकून आधारित हस्तशिल्प के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, (" रेशम उत्पादन के अपशिष्ट से धन")** नामक टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना की परियोजना समीक्षा समिति (पीआरसी) की बैठक तकनीकी और वित्तीय प्रगति की समीक्षा करने के लिए 6 जुलाई, 2023 को आयोजित की गई थी। पीआरसी बैठक की सह-अध्यक्षता वैज्ञानिक-जी और प्रमुख, ए2के+ टीडीयूपीडब्ल्यू द्वारा की गई और इस बैठक में डीएसआईआर अधिकारियों, पीआरसी के अन्य शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ सदस्यों ने भाग लिया।

एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा और एरिड फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एएफआरआई), जोधपुर, राजस्थान की संयुक्त रूप से **"फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक के उपयोग पर राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण**" शीर्षक वाली टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना की परियोजना समीक्षा समिति (पीआरसी) की बैठक परियोजना की तकनीकी और वित्तीय प्रगति की समीक्षा करने के लिए 11 जुलाई, 2023 को आयोजित की गई थी।पीआरसी बैठक की अध्यक्षता वैज्ञानिक-

जी और प्रमुख, ए2के+ टीडीयूपीडब्ल्यू ने की और इसमें डीएसआईआर अधिकारियों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संस्थानों से पीआरसी के विशेषज्ञ सदस्यों ने भाग लिया।

प्रौद्योगिकी परिनियोजन और प्रचार - प्रसार के द्वारा  महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य वाली विभिन्न जारी टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के तहत 174 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यिक रूप से उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों से देश में पहली बार कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे हेतु इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखा है।

- जुलाई,2023 के दौरान कंपनी ने 835.38 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों का निर्माण किया।
- जुलाई ,2023 के दौरान 1939.70 लाख रुपये मूल्य की वस्तुओं की बिक्री की की गई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों और व्यक्तिगत अन्वेषकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों का पोषण करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक औरसुदृढ़ बनाने पर जोर देना जारी रखा है।

- राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) ने पोषण संबंधित पांच नई तकनीकों: शहतूत में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए मेसर्स अनिल इंडस्ट्रीज को एक बहु पोषक तत्व फॉर्मूलेशन; मेसर्स नेक्स्टएंग एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड को मेट ओशन बॉय I के घटक; मेसर्स नेक्स्टएंग एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड को मेट ओशन बॉय II के घटक; मैसर्स सौराशक्ति को खारा जल लालटेन; मेसर्स संजीवनी फाउंडेशन को मल्टीग्रेन अनाज-फलियां बार और मुरमुरे चावल को लाइसेंस दिया गया है।

- एनआरडीसी ने जुलाई 2023 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 4.75 लाख रुपये का प्रीमियम एकत्र किया है।
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अधिग्रहण और संवर्धन कार्यालय (एनओटीएपी), नाइजीरिया के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पारस्परिक हित के व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए 10 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली में एनआरडीसी मुख्यालय का दौरा किया।